राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
लखनऊ, गोरखपुर व चित्रकूट (झांसी) से प्रकाशित www.spashtawaz.com
स्पष्ट आवाज़
19 वां अभ्युदय वर्ष
आपका विश्वास हमारी पूंजी

अर्थ समाचार

उप मुख्यमंत्री ने की सर्वोटेक पावर सिस्टम्स की सराहना

लखनऊ। लीडिंग ईवी चार्जर और सोलर सोल्यूशन्स निर्माता सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लि इंडिया इंडस्ट्रीज एसो द्वारा आयोजित इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो में अपने अत्याधुनिक ईवी चार्जर्स और सौर उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस एक्सपो में सर्वोटेक के स्टॉल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा किया गया। उन्होंने सोलर और ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस के लिए अपनी उत्पाद लाइन का विस्तार करने में सर्वोटेक पावर द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उद्घाटन के समय उपस्थित रहे। सर्वोटेक के संस्थापक और एमडी रमन भाटिया ने कहा कि मैं इंडिया इंडस्ट्रीज एसो का धन्यवाद करता हूं कि हमारे लिए इंडिया सोलर ईवी एक्सपो जैसा प्लेटफार्म दिया। एक कंपनी के रूप में हम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा स्थान में एक अग्रणी कंपनी के रूप में सर्वोटेक की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य हरित ऊर्जा को लोगों के दैनिक जीवन में एकीकृत करना है और एक क्लीनर, प्रदुषण मुक्त भविष्य बनाना है। यह एक्सपो इंडिया इंडस्ट्रीज एसो ग्राउंड में 4 मार्च तक चलेगी।